राधे राधे बोलो चलो जी बरसाने | By Kamlesh Meena

राधे राधे बोलो चलो जी बरसाने
अरे प्रेम पट खोलो चलो जी बरसाने

ऊँची ऊँची सीढ़ियां महल अति सुन्दर
घणो मन भावे किशोरी जी को मंदिर
प्रेम रस घोलो चलो जी बरसाने
राधे राधे बोलो चलो जी बरसाने

कुंड में नहाई के लगाओ परिकम्मा
राधा जी के महलों के ऊँचे ऊँचे खम्बा
इत उत डोलो चलो जी बरसाने
राधे राधे बोलो चलो जी बरसाने

संकरी गली में मिलेंगी राधा प्यारी
लेकर के मटकी मिलेंगी गोपी सारी
तुलसी दल पे बोलो चलो जी बरसाने
राधे राधे बोलो चलो जी बरसाने

राधा कृपा से मिलेंगे बिहारी
भक्तों तुम्हारी बनेगी बिगड़ी सारी
किशोरी नाम बोलो चलो जी बरसाने
राधे राधे बोलो चलो जी बरसाने

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b0%e0%a4%be%e0%a4%a7%e0%a5%87-%e0%a4%b0%e0%a4%be%e0%a4%a7%e0%a5%87-%e0%a4%ac%e0%a5%8b%e0%a4%b2%e0%a5%8b-%e0%a4%9a%e0%a4%b2%e0%a5%8b-%e0%a4%9c%e0%a5%80-%e0%a4%ac%e0%a4%b0%e0%a4%b8%e0%a4%be/